Thirteenth Loksabha

Session : 13
Date : 06-08-2003

Participants : Manjay Lal Shri

Title: Need to ensure that construction of roads under Pradhan Mantri Sadak Yojana is undertaken on the recommendation of concerned Member of Parliament.

श्री मंजय लाल (समस्तीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, लोक सभा द्वारा सभी राज्यों को यह सूचना समय-समय पर दी जाती रही है कि लोक सभा के चालू सत्र के समय राज्यों में या जिलों में कोई बैठक नहीं रखी जानी चाहिए। विगत 20.7.03 को समस्तीपुर और सारण जिला परिद की बैठक आहूत की गई जबकि दिनांक 21.7.03 से लोक सभा का मानसून सत्र शुरू होना था। जिला परिद की बैठक में सांसदों को अपना प्रतिनिधि देने का अधिकार नहीं है। उक्त बैठक में प्रधानमंत्री सड़क योजना का चयन किया गया जैसा कि मुझे दूरभाा पर कुछ सभासदों ने सूचित किया।

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों को यह निर्देशित किया गया है कि प्रधान मंत्री सड़क योजना के चयन में सांसदों की स्वीकृति अवश्य ली जाए। उक्त बैठक में यह तय किया गया कि प्रखण्ड पंचायत समिति से जो सूची अनुशंसा की गई है, उसे प्रदेश को और प्रदेश से केन्द्र को भेज दी जाएगी। बैठक समाप्ति के पश्चात् जिला परिद के सचिव सह समाहर्ता, समस्तीपुर, सारण एवं जिला परिद के अध्यक्ष द्वारा गलत तरीके से प्रस्ताव लिखकर मढ़ौरा विधान सभा में जहां 18 कि.मी. वहीं सोनपुर विधान सभा में 16 कि.मी. पथ की सूची भेजी गई जिससे प्रधान मंत्री जी द्वारा घोाित इस योजना का उद्देश्य बिल्कुल ही असफल हो जाएगा।

बिहार प्रदेश के सिवान जिला में भी लगभग इसी ढंग से योजनाओं को भेजा गया है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि जिन-जिन जिलों में जैसे समस्तीपुर, छपरा एवं सिवान जिला की तरह गलत सूचियां भेजी गई हैं या भेजी जा रही हैं, उन्हें वापस करते हुए सांसदों से अनुशंसा लेकर उनके निर्वाचन क्षेत्र में पड़ने वाले प्र खण्डों की प्रधान मंत्री सड़क योजना की स्वीकृति दी जाए तथा जिन-जिन जिला परिदों द्वारा इस तरह के कार्य किये जा रहे हैं, उन जिलों में केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत राशि को शीघ्र रोक दिया जाए ताकि केन्द्र द्वारा भेजे गये पैसे का दुरुपयोग नहीं हो सके। धन्यवाद।